**<u>सुधार सम्मेलन के लिए आवश्यक</u>**

सितंबर 8-10 के लिए मीडिया रिलीज

मीडिया संपर्क: osf_essentialworkers@berlinrosen.com

*****वैश्विक कार्यक्रम की घोषणा - नीचे प्रतिक्रिया दें*****

# पहले सम्मेलन में आवश्यक कार्यकर्ता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सरकारी आगेवानों के साथ सिर्फ COVID-19 सुधार के लिए रूपरेखा पर चर्चा करेंगे

*संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले, 'सुधार के लिए आवश्यक' सम्मेलन औपचारिक और अनौपचारिक अर्थव्यवस्थाओं में दुनिया भर में लाखों श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों को एक साथ लाता है*

*सोफिया बुश, मार्टिन शीन, यालिट्ज़ा अपेरिसियो मार्टिनेज, और ILO के निदेशक गाय राइडर, सोडेक्सो के ब्रिज गोल्ड, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सादिया जाहिदी और ITUC के शरण बुरो के साथ मंच पर शामिल होंगे*

दुनिया भर में - 8 सितंबर से 10 सितंबर तक, उत्तर और दक्षिण अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और एशिया के आवश्यक कार्यकर्ता वैश्विक व्यापार और सरकारी आगेवानों के साथ मिलकर COVID-19 महामारी से न्यायपूर्ण आर्थिक सुधार के लिए एक रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। यह आवश्यक कार्यकर्ताओं की पहली वैश्विक सभा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए विश्व के प्रतिनिधियों के इकट्ठा होने से कुछ दिन पहले, **सुधार के लिए आवश्यक सम्मेलन** देखभाल कार्यकर्ताओं और दुनिया भर में 61 प्रतिशत कार्यकर्ताओं की मांगों को एकत्रित करेगा, जो घरेलू श्रमिकों, कृषि श्रमिकों, सड़क पर के विक्रेता और घर से काम करनेवाले कार्यकर्ता सहित अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करते हैं।

COVID-19 महामारी से उजागर हुई गंभीर और जानलेवा असमानताओं के बावजूद, दुनिया भर के कार्यकर्ताओं ने कार्यस्थल पर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखा हैं: अभी तक बहुत से कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच, सामाजिक सुरक्षा की कमी, COVID-19 के संपर्क में आने सहित खतरनाक काम की स्थिति और काम करते समय बार-बार उत्पीड़न और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। **सोफिया बुश, मार्टिन शीन** और **यालिट्ज़ा अपारिसियो मार्टिनेज** जैसे सांस्कृतिक प्रभावकों और अमेरिका **में ऐ-जेन पू,** दक्षिण अफ्रीका में **मर्टल विटबोई** और अर्जेंटीना में **कारमेन ब्रिटेज़** जैसे कार्यकर्ता आंदोलनों के पावरहाउस आगेवानों के साथ बातचीत में, आवश्यक कार्यकर्ताओं की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। एक महत्वाकांक्षी सामाजिक अनुबंध जो 2008 में वित्तीय

बाजारों के पतन के बाद के समान हिस्सों में हस्तक्षेप या कठोरता के उपायों के बजाय सरकारी खर्च और कॉर्पोरेट व्यवहार के केंद्र में कार्यकर्ताओं की भलाई रखता है।

**मीडिया: कार्यक्रम में रजिस्टर करने के लिए इस लिंक का अनुसरण करें।**

**कौन:**

- घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक, सड़क पर के विक्रेता, देखभाल कार्यकर्ता और उत्तर और दक्षिण अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और एशिया और प्रशांत द्वीप समूह के घर से काम करनेवाले कार्यकर्ता, जिनमें अमेरिका में **ऐ-जेन पू, कारमेन ब्रिटेज़** अर्जेंटीना में, मेक्सिको में **नोर्मा पलासिओस ट्राबामाला**, केन्या में **रोज़ ओमामो**, ब्राज़ील में **मारिया डो कार्मो**, दक्षिण अफ्रीका में **मर्टल विटबोई** और इंटरनेशनल ट्रेड यूनियन परिसंघ के **शरण बुरो** जैसे **कार्यकर्ता आंदोलनों के पावरहाउस आगेवान शामिल हैं।**
- **गाय राइडर** (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन निदेशक), **ब्रिड गोल्ड** ( सोडेक्सो), **सादिया जाहिदी** (विश्व आर्थिक मंच) सहित वैश्विक व्यापार और सरकारी आगेवान
- मेजबान **सोफिया बुश**, **मार्टिन शीन**, **यालिट्ज़ा अपारिसियो मार्टिनेज**, **सिंकाने**, **बंबाडजन बाम्बा**,**और, सहित कलाकार,** संगीतकार और मशहूर हस्तियां

**क्या**

**तीन दिवसीय सम्मेलन जो दुनिया भर में आवश्यक कार्यकर्ताओं की आवाज़ उठाता है, महामारी के दौरान उनके अनुभवों को बढ़ाता है और नीति निर्माताओं, व्यापारिक आगेवान और सांस्कृतिक प्रभावितों के साथ — बातचीत में आर्थिक सुधार के लिए उनके विचार प्रस्तुत करता है।** वक्ताओं के साथ पूरा कार्यक्रम यहां वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**कब**

**बुधवार, 8 सितंबर, 2021 – शुक्रवार, 10 सितंबर, 2021, रोजाना एक ही समय पर प्रसारित किया जाएगा।**

**लाइव प्रसारण समय** (पुन:प्रसारण समय यहाँ देखें):

- 8:00—मेक्सिको सिटी, बोगोटा (CDT)
- 9:00—न्यूयॉर्क शहर (EDT)
- 10:00—ब्यूनस एयर्स (ART)

- 14:00—लंदन (BST)
- 15:00—पेरिस, ब्रुसेल्स, बर्लिन (CET)
- 15:00—जोहानसबर्ग (SAST)
- 16:00—अम्मान, बेरूत (EEST)
- 18:30—दिल्ली (IST)
- 21:00—मनीला (PHT)

**प्रतिक्रिया**

**मीडिया: कार्यक्रम में रजिस्टर करने के लिए इस लिंक का अनुसरण करें।**

**सोफिया बुश एक प्रमुख अमेरिकी अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता, जो विश्व स्तर पर महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही हैं,** जो इस कार्यक्रम की मेजबान के रूप में काम करेंगी।

“आवश्यक कार्यकर्ता हमारी प्रशंसा से अधिक के पात्र हैं। वे हमारे काम के लायक हैं। उन्होंने हमारी देखभाल की है - और यह सुनिश्चित किया है कि दूसरों को खिलाया गया और उनकी देखभाल की गई है - उनके जीवन के लिए बहुत जोखिम और कीमत पर और अब विश्व आगेवानों को यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करने चाहिए कि जो ठीक हो गये हैं वे केवल विशेषाधिकार प्राप्त या अच्छी तरह से जुड़े हुए नहीं हैं। मुझे इस आयोजन का हिस्सा बनने पर गर्व है जो दुनिया भर के दूरदर्शी आगेवानों को एक आर्थिक सुधार के लिए एक निर्विवाद स्थिति बनाने के लिए एक साथ ला रहा है जो सभी लोगों की जरूरतों को पूरा करता है, चाहे वे कोई भी हों, वे कहीं भी रहते हों, और चाहें वे जो भी काम करते हैं,” **बुश ने कहा।**

2020 की शुरुआत में महामारी शुरू होने के बाद से घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक, सड़क पर के विक्रेता, देखभाल करने वालें और घर से काम करने वाले कार्यकर्तओं को आय का भारी नुकसान हुआ है, जिसने उन श्रमिकों के लिए पहले से ही कठिन स्थिति को बढ़ा दिया है जिनके पास कोई संचित धन नहीं है और यदि वे काम नहीं कर सकते तो भोजन के लिये सीमित पहुंच रखते हैं। **मर्टल विटबोई,** घरेलू श्रमिकों के अधिकारों की उन्नति में एक अंतरराष्ट्रीय अग्रणी, ने दक्षिण अफ्रीका में यह पहली बार देखा।

"हम पूरी तरह से सुधार नहीं सकते हैं या एक बेहतर दुनिया का पुनर्निर्माण नहीं कर सकते हैं, यदि हम सभी लोगों की तत्काल और प्रभावी ढंग से रक्षा नहीं करते, जिसमें अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले और वैश्विक कार्यबल का 61% हिस्सा शामिल है। दक्षिण अफ्रीका में इस वर्ष घरेलू श्रमिकों को ऐतिहासिक जीत मिली है। अब हम COIDA के तहत कवर किए गए हैं, जब कोई कार्यकर्ता काम के दौरान घायल हो जाता है या बीमार पड़ जाता

है, तो वह मुआवजे के लिये पात्र होगा। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आवश्यक कार्यकर्ता महामारी में सबसे आगे हैं, लेकिन उनके पास शायद ही कभी समान सुरक्षा होती है," **मर्टल विटबोई, एक पूर्व घरेलू श्रमिक और अंतर्राष्ट्रीय घरेलू श्रमिक संघ के वर्तमान अध्यक्ष ने कहा।** "घरेलू श्रमिक, सड़क पर के विक्रेता, कृषि श्रमिकों और अन्य अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों के लिए एक मजबूत सुधार एक मजबूत वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए आधार बनेगा। सुधार के लिए आवश्यक सम्मेलन में, बेहतर आय और सामाजिक सुरक्षा के लिए हमारी मांगों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को तत्काल कॉल करने के लिए दुनिया भर के कार्यकर्ता एकजुट होंगे, ताकि हम इस संकट का सामना कर सकें और अपने लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण भी कर सकें।"

कार्यकर्ता अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO), एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी जो अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों को निर्धारित करती है, सहित, व्यावसायिक अधिकारियों, सांस्कृतिक प्रभावितों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के आगेवानों के साथ बातचीत करेंगे। घरेलू श्रमिकों के लिए काम करने की परिस्थितियों को संबोधित करने और कार्यस्थलों में हिंसा और उत्पीड़न को संबोधित करने के लिए दुनिया भर के श्रमिकों ने C189 और C190 को आकार दिया है, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों को ILO सम्मेलनों में पारित किया गया है।

"काम की दुनिया में लोगों द्वारा COVID-19 महामारी से निपटने के लिए असाधारण बलिदान किए जा रहे हैं, लेकिन हमें कभी भी सामाजिक न्याय के अपने मूल्यों, काम पर अपने मौलिक अधिकारों या मानव-केंद्रित सुधार जो समावेशी, टिकाऊ और लचीला है उसके निर्माण के हमारे दृढ़ संकल्प का त्याग नहीं करना चाहिए। बेहतर तरीके से निर्माण करने का अर्थ है अच्छी नौकरियां पैदा करना, सामाजिक सुरक्षा बढ़ाना, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना और हमारे पास मौजूद हर अवसर में सामाजिक संवाद का उपयोग करने के लिए विचारपुर्वक और सुसंगत नीति विकल्प बनाना "**अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अध्यक्ष गाय राइडर ने कहा, जो सम्मेलन में तीसरे दिन भाग लेंगे।**

## हम 'सुधार के लिए आवश्यक' हैं

दुनिया भर के घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक, सड़क पर के विक्रेता, देखभाल करने वाले और घर से काम करने वाले कार्यकर्ता COVID-19 से सुधार लाने के अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करेंगे:

"महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन करना कुछ सीखने की प्रक्रिया रही है। हमें यह सीखना था कि इंटरनेट का उपयोग करते हुए स्मार्टफोन और लैपटॉप पर व्यवस्थित करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग कैसे करें, इन सभी को हमें इन कठिन समय के बावजूद व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करना होगा। इसके अलावा, इंटरनेट

कनेक्टिविटी की सम्स्या लाइव प्रसारण और चल रही बैठकों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर से काम करनेवाले कार्यकर्ता अपने उत्पादों को ऑनलाइन बेचने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि महामारी के दौरान मार्केटिंग का पहलू सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था। घर से काम करनेवाले कार्यकर्ताओं को अपने उत्पादों में मूल्य जोड़ने और ग्राहकों तक पहुंचने के लिए अधिक क्षमता निर्माण और ऑनलाइन मार्केटिंग के अधिक ज्ञान की आवश्यकता होती है," **होमनेट केन्या के होमनेट इंटरनेशनल वर्किंग कमेटी के सदस्य जेमिमा न्याकोंगो ने कहा।**

"घरेलू श्रमिकों के लिए, काम और जीवन के बीच की रेखा अक्सर धुंधली होती है। हमारा श्रम वैश्विक अर्थव्यवस्था में अन्य क्षेत्रों को बचाए रखने में सक्षम बनाता है, लेकिन पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा के बिना, हम मुश्किल से जी रहे हैं। सभी श्रमिकों, विशेष रूप से देखभाल करने वाले श्रमिकों के लिए हिंसा, उत्पीड़न, और वित्तीय राहत तक पहुंच के खिलाफ सुरक्षा में एक न्यायी सुधार निर्धारित किया जाना चाहिए, जिसे कम करके आंका गया है या अनदेखा किया गया है," **यूनाइटेड डोमेस्टिक वर्कर्स फेडरेशन, यूनाइटेड डोमेस्टिक वर्कर्स ओफ फिलीपींस (यूनाइटेड) के एक सदस्य, नोवेलिता वी. पालिसोक ने कहा।**

"अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में श्रमिकों के पास सामान्य समय में लगभग ना के बराबर अधिकार और कुछ ही सामाजिक सुरक्षाए थी। महामारी के दौरान, हमने पहचान और अस्तित्व के लिए और भी अधिक कठिन लड़ाई लड़ी हैं। टीके सीमित मात्रा में हैं और हम में से अधिकांश के पास स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच नहीं है। हम वैश्विक आवश्यक कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता देने के लिए एक सामूहिक आवाज उठा रहे हैं, इसलिए हम एक साथ मिलकर सुधार लाने का एक उचित मार्ग बना सकते हैं।" **शावना बदर-ब्लौ ने कहा, जो सॉलिडैरिटी सेंटर के कार्यकारी निदेशक और सुरक्षित, सम्मानजनक और परिवार के आजीविका समर्थन के लिए एक वकील हैं।**

"महामारी ने सड़क पर के कई विक्रेता को विस्थापित कर दिया है जिन्हें प्रमुख शहरों में सार्वजनिक कार्यस्थलों से बाहर कर दिया गया है। हमें वैकल्पिक कार्यस्थलों की तलाश करनी चाहिए ताकि हम अपनी आजीविका अर्जित करना जारी रख सकें। अब जबकि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे खुल रही है, आर्थिक सुधार योजनाओं में अभी भी सड़क पर के विक्रेताओं के लिए चिंता नहीं किया जा रहा है। हमें अपने व्यवसायों को फिर से शुरू करने और दुनिया भर के घरों में दैनिक उपयोग की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं की बिक्री जारी रखने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। हम आवश्यक कार्यकर्ता हैं और सुधार के लिए हम आवश्यक हैं।" **मविजुका जेस्का ने कहा, जो एक सड़क विक्रेता और युगांडा बाजार और संबद्ध कर्मचारी संघ (UMAEU) के उप महासचिव, स्ट्रीटनेट इंटरनेशनल के एक सहयोगी है।**

"वायरस एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन आवश्यक कार्यकर्ताओं - देखभाल कर्मियों पर - पर दुखद कंपन एक मानव निर्मित तबाही रही है। अच्छी खबर यह है कि हम जानते हैं कि काम को सुरक्षित बनाने के लिए हमें क्या

कदम उठाने चाहिए। नर्सिंग होम में काम करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को PPE, बीमार होने पर छुट्टी, सुरक्षा समितियों और सामूहिक सौदेबाजी के मौके की जरूरत होती है। इन बुनियादी सुरक्षा के बिना, संकटों से उबरने और सभी को सुरक्षित रखने की दुनिया की क्षमता से समझौता किया जाएगा।" **UNI ग्लोबल यूनियन के महासचिव क्रिस्टी हॉफमैन ने कहा, जो 150 से अधिक विभिन्न देशों के 20 मिलियन से अधिक श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करते है।**

“जब COVID-19 महामारी आई, तो हर जगह श्रमिकों ने बीमारों की देखभाल की, हमारी मेजों पर खाना रखा और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया। इन सबके बावजूद, श्रमिकों ने अधिक शोषण, बढ़ती निगरानी, यूनियनों को अवरुद्ध करने और डराने-धमकाने और यहां तक कि हिंसा और हत्या का अनुभव किया है। दमनकारी सरकारों और अपमानजनक कंपनियों द्वारा तोड़ दिए गए विश्वास के पुनर्निर्माण के लिए यह एक नया सामाजिक समझौता  होगा क्योंकि हम सुधार की ओर देखते हैं और स्थायी अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण कर रहे हैं," **शरण बुरो ने कहा, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघ परिसंघ के महासचिव, 331 राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ 163 देशों और क्षेत्रों में 200 मिलियन श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं।**

" लाखों अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों ने महामारी के दौरान अपनी आय में गिरावट देखी, और सरकारी सहायता अक्सर अपर्याप्त थी — या उन तक बिल्कुल भी नहीं पहुंचती थी। पहले से कई अधिक, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों को अपने पैरों पर वापस खडे होने के लिए समर्थन की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सरकारों को सामाजिक सुरक्षा और प्रमुख सार्वजनिक सेवाएं जैसे की स्वास्थ्य और बाल देखभाल पर खर्च में कटौती न — करके, सबकी रक्षा करनी चाहिए। ये श्रमिकों और उनके परिवारों को और अधिक गरीबी, भेद्यता और बहिष्करण में गिरने से बचाएंगे," **सैली रोवर ने कहा, जो वैश्वीकरण और आयोजन (WIEGO) अनौपचारिक रोजगार में महिलाओं में अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक हैं ।**

## न्यायी COVID-19 सुधार के लिए रूपरेखा

सुधार के लिए आवश्यक सम्मेलन चार प्रमुख विषयों के आसपास कार्यकर्ताओं को एकजुट करता है: आय और काम करने की स्थिति; स्वस्थ और सुरक्षित कार्यस्थल; सामाजिक सुरक्षा; और हिंसा और उत्पीड़न का अंत।

### *आय में वृद्धि और कार्य स्थितियों में सुधार*

COVID-19 ने केवल उस भेद्यता और शोषण को बढ़ा दिया है जो लाखों कम वेतन वाले, अनिश्चित और अनौपचारिक श्रमिक – मुख्य रूप से महिलाये, प्रवासी श्रमिक, अल्पसंख्यक और भेदभाव के अधीन अन्य समूह – हर दिन अनुभव करते हैं। विशेष रूप से पिछले वर्ष, घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक, सड़क पर के विक्रेता, देखभाल

करने वालें और घर से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आवश्यक के रूप में मान्यता दी गई थी और उन्हें नायक के रूप में सम्मानित किया गया था, फिर भी वे आर्थिक रूप से सबसे कम आंके जाने वाले और कम सेवा प्राप्त करनेवाले लोगों में से हैं। इस बीच, महामारी के दौरान CEO ने रिकॉर्ड तोड के मुनाफा कमाया है, और दुनिया के दस सबसे धनी लोगों में से आठ ने पिछले एक साल में अरबों डॉलर की कमाई की है।

इस पैटर्न ने 2008 के आर्थिक संकट की प्रतिक्रिया का अनुसरण किया जब कठोर कठोरता के उपायों ने कम आय वाले श्रमिकों को और गरीबी में धकेल दिया। औपचारिक और अनौपचारिक दोनों अर्थव्यवस्थाओं में आवश्यक कार्यकर्ता सभी के लिए काम करने की स्थिति में सुधार करने वाले निवेश के पक्ष में, कठोरता के असफल ट्रैक रिकॉर्ड को खारिज कर रहे हैं। इसमें एक संघ या श्रमिक संगठन के माध्यम से अपने कार्यस्थल पर आवाज उठाने वाले श्रमिक शामिल हैं ताकि वे सामूहिक रूप से अधिक सुरक्षित आजीविका और खतरनाक परिस्थितियों से सुरक्षा के लिए, उत्पीड़न से वैश्विक महामारी से लड़ सकें और सौदेबाजी कर सकें।

प्रमुख COVID-19 आंकड़े:

- 37 देशों के एक अध्ययन में 52% देखभाल कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके वेतन ने उन्हें आवास, भोजन और परिवहन जैसी बुनियादी जरूरतों को पर्याप्त रूप से सुरक्षित करने की अनुमति नहीं दी है।
- 12 शहरों में 74% अनौपचारिक श्रमिकों ने कहा कि उन्हें सबसे भारी प्रतिबंधों (अप्रैल 2020) की अवधि के दौरान काम करने से रोका गया था, और जो लोग काम पर लौट आए थे, वे 2020 के मध्य तक अपनी COVID-19 से पहले की आय का केवल 55% कमा रहे थे।
- वर्ष 2020 में, 2019 की चौथी तिमाही के मुकाबले वैश्विक कामकाजी घंटों का 8.8 प्रतिशत कम हो गया, जो 255 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है। 2020 में काम के घंटे का नुकसान 2009 में वैश्विक वित्तीय संकट की तुलना में लगभग चार गुना अधिक था।

***सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल का अधिकार सुरक्षित करना***

आवश्यक कर्यकर्ताओं को COVID-19 महामारी के दौरान अद्‌वितीय जोखिमों का सामना करना पड़ा है और उद्‌योग या स्थिति की परवाह किए बिना, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रमों की रचना और शासन में एक आवाज के पात्र हैं। आवश्यक उपकरण वितरित करने और काम पर बीमारी को रोकने के लिए निगमों और सरकारों की विफलता के बाद, लोकतांत्रिक रूप से चुने गए कार्यकर्ता स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि, या कार्यस्थल या श्रमिकों के समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिकों की एक समिति को मानक बनना चाहिए।

श्रमिकों के नेतृत्व वाली सुरक्षा पहल और COVID-19 को एक व्यावसायिक बीमारी के रूप में मान्यता देने से श्रमिकों को पर्याप्त चिकित्सा देखभाल, बर्खास्तगी से सुरक्षा और सुधार के दौरान मुआवजा मिलेगा। जब तक

विकसित अर्थव्यवस्थाएं दुनिया भर में टीके की असमानता को कम करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं, सरकारों को पर्याप्त पानी, स्वच्छता और स्वच्छता सुविधा, बुनियादी काम के बुनियादी संरचना, PPE और अनौपचारिक नियोक्ताओं के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों के रूप में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा सहायता की रक्षा करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रणालियों का कवरेज अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों पर लागू होना ही चाहिए।

प्रमुख आंकड़े:

- लगभग एक तिहाई देखभाल कर्मी (31%) महामारी में लगभग एक वर्ष तक PPE तक पर्याप्त पहुंच के बाहर थे। लंबे समय तक देखभाल का काम दुनिया के सबसे खतरनाक कामों में से एक है।
- लगभग 2.3 मिलियन लोग कार्यस्थल की बीमारी और दुर्घटनाओं के कारण हर साल मारे जाते हैं , और महामारी ने मानव जीवन के इस भयावह नुकसान को और बढ़ा दिया है। उनके काम से कई लाख अधिक घायल हुए हैं या दीर्घकालिक बीमारियाँ हुई हैं।
- घर से काम करने वाले 80% कार्यकर्ता, सडक पर के विक्रेता और कूड़ा बीनने वालों को खुद के लिये PPE खरीदने के लिए मजबूर किया गया. केवल बैंकॉक (45%) और डकार (70%) में सरकारें PPE का एक महत्वपूर्ण स्रोत थीं।

***सामाजिक सुरक्षा अनिवार्य बनाना***

COVID-19 के बाद एक न्यायी आर्थिक सुधार को आवश्यक घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिकों, सडक पर के विक्रेता, देखभाल कर्मियों और घर से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को स्थिरता और समर्थन देना चाहिए। सभी श्रमिकों को स्वास्थ्य देखभाल, बाल देखभाल, विकलांगता लाभ, पेंशन और मुफ्त स्कूली शिक्षा जैसी बुनियादी सामाजिक सुरक्षा की रक्षा और पहुंच का विस्तार करने वाली सरकारों की तत्काल आवश्यकता है।

सामाजिक सुरक्षा को श्रम सुरक्षा के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों अर्थव्यवस्थाओं में श्रमिकों को गरीबी से बचाया जा सके, जिसमें सार्वभौमिक भुगतान वाली बीमारी की छुट्टी भी शामिल है, ताकि श्रमिकों को बीमार होने पर भी काम पर जाने और अपनी आजीविका खोने के बीच चयन न करना पड़े। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का गृह कार्य सम्मेलन भी सभी क्षेत्रों और राष्ट्रों में घरसे काम करनेवाले कार्यकर्ताओं की मान्यता के लिए एक मानक निर्धारित करता है, जिसमें भाग लेने वाले देशों को ऐसी नीतियां अपनाने के लिए अनिवार्य किया जाता है जो सुनिश्चित करती हैं कि कार्यकर्ताओं को उचित रूप से मुआवजा दिया जा रहा है, वे खुद को व्यवस्थित करने में सक्षम हैं, मातृत्व सुरक्षा का आनंद लें रहे है और सामाजिक कार्यक्रम जैसे की सेवानिवृत्ति लाभ से लाभान्वित हुए है।

प्रमुख आंकड़े:

- दुनिया के 98% श्रमिकों ने बीमारी का वेतन, वेतन प्रतिस्थापन, और सामाजिक लाभ नहीं मिलने की रिपोर्ट दी है, जिसके लिए उन्हें COVID-19 के प्रभावों का सामना करने की आवश्यकता है।
- सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से लाभ होता है और उन्हें इसकी आवश्यकता होती है, लेकिन अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में श्रमिकों की महामारी से अपनी नौकरी खोने की औपचारिक अर्थव्यवस्था में श्रमिकों की तुलना में तीन गुना अधिक संभावना थी।
- सदस्य-आधारित संगठन श्रमिकों के लिए COVID-19 समाचार का प्राथमिक स्रोत रहा हैं, और 12 शहरों में 53% अनौपचारिक श्रमिकों ने अपने सदस्य-आधारित संगठन के माध्यम से खाद्य सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी हैं।

***काम पर यौन उत्पीड़न और हिंसा को समाप्त करना***

सभी कार्यकर्ता, विशेष रूप से महिलाओं और हाशिए के समूहों के लोगों के लिए, उत्पीड़न और हिंसा सभी बहुत आम हैं। बहुत बार सरकारी अधिकारियों और पुलिस, अन्य कर्मचारियों, ग्राहकों, परिवार के सदस्यों और प्रभावशाली हित, जिनके पास काम करने की स्थिति को नियंत्रित करने की शक्ति होती है, उनके द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। काम पर हिंसा से श्रमिकों को बचाने के लिए बनाई गई नीतियों और कानूनों में निजी घरों, सड़कों, निर्माण स्थलों और बाजारों सहित कार्यस्थलों की विविध रेंज शामिल होनी चाहिए, जहां दुनिया के दो अरब अनौपचारिक कार्यकर्ता आय कमा सकते हैं।

कार्यकर्ता और अनौपचारिक श्रमिक के पास, विशेष रूप से, अक्सर राज्य द्वारा प्रदान की गई शिकायत और आश्रय तंत्र या कानूनी सहारा लेने के लिए वित्तीय साधनों तक पहुंच की कमी होती है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए, सरकारों को नियामक संरचना को मजबूत करना चाहिए जो शारीरिक, यौन और मनोवैज्ञानिक हिंसा के मामलों में महिलाओं की न्याय तक पहुंच का विस्तार करती हैं। महिलाओं द्वारा संचालित हिंसा और उत्पीडन पर सम्मेलन 190 — का अनुसमर्थन और कार्यान्वयन पहला कदम होगा, जिसे करने में अधिकांश देश अब तक विफल रहे हैं।

प्रमुख आंकड़े:

- कार्य की दुनिया में हिंसा को खत्म करने वाले अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के C190 सम्मेलन को केवल सात देशों द्वारा अनुमोदित किया गया है।.

- 2021 में ILO में C189 के, घरेलू श्रमिकों के लिए सुरक्षित काम करने की स्थिति और उचित वेतन की स्थापना केअनुसमर्थन की 10वीं साल सालगिरह है। 10 साल बाद अभी भी, यू.एस., फ्रांस और यू.के सहित अधिकांश देशों ने C189, की पुष्टि नहीं की है।
- T अधिकांश देश काम से संबंधित हिंसा और उत्पीड़न के प्रावधानों को केवल एक रोजगार संबंध में व्यक्तियों पर लागू करते हैं। श्रम, व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य, भेदभाव-विरोध, और अन्य कानून जो काम की दुनिया में हिंसा को संबोधित करते हैं, अनौपचारिक श्रमिकों, विशेष रूप से स्वरोजगार पर लागू नहीं होते हैं।

###

**सुधार के लिए आवश्यक के बारे में:**

सुधार के लिए आवश्यक की मेजबानी दुनिया भर के दर्जनों देशों के घरेलू और देखभाल कार्यकर्ता, सडक पर के विक्रेता, कृषि श्रमिकों, श्रमिक संघों, कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों और परोपकारी संगठनों के एक वैश्विक सामूहिक द्वारा की गई है, जो आवश्यक कार्यकर्ताओं के साथ खड़े होने के लिए एक साथ आ रहे हैं। इस परियोजना का नेतृत्व गैर-लाभकारी श्रमिक संगठनों द्वारा किया जाता है - जिसमें होमनेट इंटरनेशनल, इंटरनेशनल डोमेस्टिक वर्कर्स फेडरेशन, इंटरनेशनल ट्रेड यूनियन कन्फेडरेशन, सॉलिडैरिटी सेंटर, स्ट्रीटनेट इंटरनेशनल, UNI ग्लोबल यूनियन, और अनौपचारिक रोजगार में महिलाएं शामिल हैं: — वैश्वीकरण और आयोजन- और ओपन सोसाइटी फ़ाउंडेशन द्वारा समर्थित।.